दिन– मंगलवार दिनांक– 11 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार साइबर अपराधों से निपटने के लिए चार–स्तरीय रणनीति अपना रही है, जिसमें समन्वय, संचार और क्षमता वृद्धि शामिल है। श्री शाह आज नई दिल्ली में साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध विषय पर गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने साइबर अपराध को रोकने के लिए जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। श्री शाह ने समिति के सदस्यों से हेल्पलाइन नंबर **एक नौ तीन शून्य** को अधिक से अधिक प्रचारित करने का अनुरोध किया। गृह मंत्री ने बताया कि अपराधियों के खातों की पहचान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करने के प्रयास चल रहे हैं।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के दौरान औरंगाबाद जिले में करोड़ों रूपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने देव में प्रस्तावित रिंग रोड के निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया। श्री कुमार ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभुकों और जीविका दीदियों के साथ संवाद किया।

———————————————————

माघी पूर्णिमा पर प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण कैमूर में पिछले दो दिनों से भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है। एनएच–उन्नीस पर लगभग पंद्रह किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। वहीं, बक्सर में गंगा सेतु पर भी दो दिनों से लंबा जाम लगा हुआ है। गंगा पुल से लेकर भोजपी की सीमा तक एनएच–नौ सौ बाईस पर चालीस किलोमीटर तक जाम की स्थिति बनी हुई है। इधर, प्रयागराज जाने वाली रेलगाड़ियों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। मधुबनी रेलवे स्टेशन पर नई दिल्ली जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी सुपरफास्ट एक्सप्रेस पर लोगों ने पथराव कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसी बोगी में नहीं घुसने देने पर लोगों ने हंगामा करते हुए पथराव किया। इस घटना में कई यात्रियों को चोट

आई है। समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण कुछ देर के लिए अफरा–तफरी की स्थिति बनी रही।

——————————————————————

प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यातायात व्यवस्था में कई बदलाव किये गये हैं। कैमूर के रास्ते से बिहार से उत्तर प्रदेश जाने वाले सभी भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। प्रयागराज शहर में बारह फरवरी तक वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित कर दिया गया है। मेला क्षेत्र में सिर्फ प्रशासनिक अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग की गाड़ियों को प्रवेश दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था शहर से बाहर की गयी है। सभी वीवीआईपी पास रद्द कर दिये गये हैं।

——————————————————————

पछुआ हवा का प्रभाव कम होने से राज्य के अधिकांश हिस्सों के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों में न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी की संभावना है। इसके बाद अगले अड़तालीस घंटों के दौरान तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

——————————————————————

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने हथियारों की खरीद–फरोख्त करने के मामले में ग्यारह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन पिस्तौल, छह मैगजीन, तेरह मोबाईल फोन और एक चार पहिया तथा दो पहिया वाहन बरामद किया गया।

——————————————————————

कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के मुठानी के पास एक ऑटो रिक्शा ट्रक से टकरा गयी। हादसे में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गयी।

——————————————————————

गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत बलथरी चेकपोस्ट के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक कार से सत्रह किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार

किया है। इधर, किशनंगज रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन से आरपीएफ की टीम ने दस किलो गांजा बरामद की है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।